BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ रेक्रिएशन और सीनियर्स मंथ का जशन मनाएं

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (31 मई, 2023) – पूरा जून गतिविधियों और कार्यक्रमों के साथ, रेक्रिएशन और सीनियर्स मंथ (Recreation and Seniors Month) का जशन मनाएं।

नेशनल हेल्थ और फिटनेस डे (National Health and Fitness Day) और इंटरनेशनल योगा डे (International Yoga Day) सहित, मुफ्त प्रोग्रामिंग और खास कार्यक्रमों के साथ, ब्रैम्पटन में रेक्रिएशन मंथ में हिस्सा लेकर स्वास्थ्यवर्धक गतिविधि के फायदों के बारे में जानकारी पाएं।

प्रोग्रामों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/recmonth पर जाएं।

नेशनल हेल्थ और फिटनेस डे

3 जून, सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
Chinguacousy Park
9050 Bramalea Rd

इंटरनेशनल योगा डे

21 जून, शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक
Mount Pleasant Square
100 Commuter Dr.

जून बुजुर्गों का महीना है (June is Seniors Month), के जशन में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन लगातार हमारी कम्युनिटी में रहने वाली बुजुर्ग आबादी से जुड़ और उनका जशन मना रही है।

55 वर्ष और इससे अधिक उम्र के वयस्कों को, जून के पूरे महीने में, स्प्रिंगफेस्ट (Springfest) और फायर सेफ्टी ओपन हाउस (Fire Safety Open House) सहित, खास कार्यक्रमों और मुफ्त प्रोग्रामों के लिए हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

स्प्रिंगफेस्ट

16 जून
एक्सपो (Expo), सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
लंचिओन एंड डांस (Luncheon and Dance), दोपहर 12 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक
Century Gardens Recreation Centre

340 Vodden St E.

स्प्रिंगफेस्ट को उदारतापूर्वक, बायोपेड (BioPed), रेवेरा (Revera), टोरोंटो पियर्सन (Toronto Pearson) और विटा (Vyta) द्वारा प्रायोजित (स्पांसर) किया जा रहा है।

ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), बुजुर्गों को उनके ओपन हाउस के दौरान आने के लिए आमंत्रित करती है, जहां वे सभी के लिए इनाम और मुफ्त चीज़ों के साथ, आग लगने और गिरने की रोकथाम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, फायर अफसरों से मिल सकते हैं और कम्युनिटी साझेदारों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

फायर स्टेशन ओपन हाउस (Fire Station Open House)

21 जून, सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक
Fire Station 207
75 Vodden St. E.,

अधिक जानकारी के लिए, 905.458.5580 पर फोन करें या firelife@brampton.ca पर ईमेल करें।

उम्र-अनुकूलित कार्यनीति (Age-Friendly Strategy) के द्वारा सिटी, संपूर्ण, स्थिर कम्युनिटीज के विकास और डिजाइन के साथ, जीवन के हर पड़ाव के दौरान, निवासियों की खास जरूरतों पर प्रतिक्रिया करने पर ध्यान दे रही है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने प्राप्त की गई न्यू होरिज़ोन्स (New Horizons) ग्रांट के हिस्से के तौर पर, 2022 में सीनियर्स रिसोर्स डायरेक्टरी (Seniors Resource Directory) पेश की थी। डायरेक्टरी का उद्देश्य, लोगों को आवश्यक सेवाएं ढूंढने में मदद करते हुए, एक बटन की क्लिक पर महत्वपूर्ण स्रोतों तक पहुंच प्रदान करना है। उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने और संचालन को अधिक आसान बनाने के लिए, डायरेक्टरी को 12 विषयों से संबंधित थीमों में बांटा गया है।

सीनियर्स मंथ के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/seniorsmonth पर जाएं।

हवाले

"उम्र-अनुकूलित ऐसा शहर बनाना, जहां हर पड़ाव पर लोग अपनी जिंदगी को बढ़िया तरीके से जी पाएं, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। बुजुर्गों को कम्युनिटी और सहायता तक पहुंच प्रदान करने से, अपनेपन की भावना पैदा करने में मदद मिलती है। मैं रेक्रिएशन और सीनियर्स मंथ का जशन मनाने, ब्रैम्पटन में मौजूद मनोरंजन के सभी अवसरों की पड़ताल करने और ब्रैम्पटन के बुजुर्ग नागरिकों के अर्थपूर्ण योगदानों को सम्मान देने के लिए उत्साहित हूं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हम इकट्ठे अधिक मजबूत हैं और जब हम मनोरंजन के प्रोग्रामों तक पहुंचने के द्वारा एक-दूसरे की और अपनी परवाह करते हैं, हम कम्युनिटी के लिए अधिक स्वास्थ्यवर्द्धक आधार बनाते हैं। इस जून, चूंकि हम रेक्रिएशन और सीनियर्स मंथ का जशन मना रहे हैं, मैं

हर किसी को बेहद मजेदार और भागीदारी वाली प्रोग्रामिंग की पड़ताल करने के लिए आमंत्रित करती हूं, निवासियों को यह सब प्रदान करने के लिए हमारी टीमें पर्दे के पीछे दृढ़ परिश्रम कर रही हैं।”

- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca